**Fourteenth Loksabha**

**Session : 8**
**Date : 31-07-2006**

**Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar**

>

Title : Need to initiate the work on Rajiv Gandhi Rural Electrification Scheme in Jharkhand.

**श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से ऊर्जा मंत्री का ध्यान झारखंड के 22 जिलों के 28,097 ग्रामों में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के कार्यान्वयन की मंथर गति की ओर आकृट करते हुए अवगत कराना चाहता हूं कि ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के कार्यान्वयन का कार्य, झारखंड सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के पत्र सं.98/स.को., दिनांक 31-05-2005 द्वारा केन्द्रीय लोक उपक्रम-दामोदर घाटी निगम, एन.टी.पी.सी., पी.जी.सी.आई.एल. तथा राज्य विद्युत बोर्ड को सौंप दिया गया है। विदित हो कि एक र्वा बीत जाने के बाद भी योजना के कार्यान्वयन का कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। उपरोक्त कार्य एजेंसियां केन्द्रीय मंत्रालयों से सम्बद्ध लोक उपक्रम हैं। इसलिए मेरा आग्रह है कि संबंधित केन्द्रीय मंत्रालय स्तर से शीघ्र कार्यान्वयन संबंधी दिशा-निर्देश अपेक्षित हैं। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस ग्रामीण जनोपयोगी केन्द्र संपोाित योजना को प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भ कराने के प्रति केन्द्र सरकार के स्तर से भी पहल हो क्योंकि झारखंड प्रदेश की सरकार इस कार्य में सहयोग नहीं कर रही है।

अध्यक्ष महोदय, यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। एक साल पहले की यह योजना है। झारखंड की राज्य सरकार सहयोग नहीं कर रही है। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** ठीक है। आपने अपनी बात स्पट रूप से रख दी cè[rpm12]।